


# इंडस्ट्रियल पार्कों के निर्माण से विन्ध्य में होगी औद्योगिक प्रगति : शुक्ल

## रीवा और मैहर में इंडस्ट्रियल पार्कों के लिए भूमि उपलब्ध कराएं, रीवा से सीधी फोरलेन सड़क के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य में एयरपोर्ट, रेलवे, हाईवे के साथ पर्याप्त मात्रा में जमीन और पानी उपलब्ध है. विन्ध्य में अब औद्योगिक विकास तेजी से होगा.**



मैहर और रीवा जिले में इंडस्ट्रियल पार्कों के लिए कम से कम एक हजार हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराएं. इंडस्ट्रियल पार्कों के निर्माण से विन्ध्य में तेजी से औद्योगिक प्रगति होगी. आर्थिक विकास के साथ बड़ी मात्रा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. मैहर जिले में झुकेही में 1450 हेक्टेयर तथा अमझर में 1500 हेक्टेयर जमीन इंडस्ट्रियल पार्कों के लिए चिन्हित कर दें. रीवा जिले में त्योंथर, सोहागी, सिरमौर तथा क्योटी के आसपास दो हजार हेक्टेयर जमीन इंडस्ट्रियल पार्क के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट तथा अन्य सुविधाएं होने से बड़े-बड़े उद्योगपति विन्ध्य क्षेत्र में निवेश करने के लिए लालायित हैं. हमें औद्योगिक विकास के अवसर का पूरा लाभ उठाना है. सभी विभाग समन्वय से प्रयास करके औद्योगिक विकास के कार्य को गति दें.विन्ध्य में सिंचाई, पर्यटन और उद्योगों का विकास नए आर्थिक युग का सूत्रपात करेगा. उप मुख्यमंत्री ने बेला-सिलपरा रिंग रोड निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेलवे से समन्वय बनाकर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य समय पर पूरा कराएं. इस महत्वपूर्ण रोड का निर्माण कार्य अप्रैल तक पूरा करें. रीवा से सीधी फोरलेन सड़क के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करें. इसमें वन विभाग की अनुमति तथा भू अर्जन की कार्यवाही में तेजी लाएं. रीवा बायपास रोड का कार्य भी तेजी से पूरा करें. प्रयागराज की ओर से आने पर रतहरा में हाईवे से शहर में प्रवेश के स्थल पर सड़क को चौड़ा और व्यवस्थित कराएं. इस स्थान पर पानी की निकासी की भी समुचित व्यवस्था करें. दोनों ओर की सर्विस रोड को पर्याप्त चौड़ा बनाएं जिससे आवागमन सुगम हो सके. सीधी से सिंगरौली हाईवे का निर्माण कार्य भी टेण्डर की प्रक्रिया में है. इस महत्वपूर्ण रोड पर विशेष ध्यान दें. बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का प्रकल्प तेजी से विकसित किया जा रहा है. आसपास के किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती से जोड़ने के प्रयास करें.

इस गौ अभ्यारण्य को प्राकृतिक खेती और गौपालन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा. हिनौती गौधाम में शेष बचे शेडों का निर्माण तेजी से पूरा कराएं. बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी, एसडीएम मैहर दिव्या पटेल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

## अंतिम सूचना के बाद भी भुगतान नहीं, ननि करेगा चल-अचल संपत्तियों की कुर्की

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, नगर पालिक निगम रीवा द्वारा संपत्तिकर बकाया मामलों में सख्ती बरतते हुए 10 बकायादारों को अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया था. जिसकी समय सीमा समाप्त होने तक बकाया राशि न जमा किये जाने पर 08 जनवरी 2025 को कुर्की की कार्यवाही की जावेगी.**

जिनमें जोन क्र. 03 में छोटेलाल सिंह, परिवल जौहरी द्वारा राकेश जौहरी, विष्णु प्रसाद मिश्रा, कैलाश नाथ मिश्रा, अभिनव मिश्रा, श्रीमती रामवती शुक्ला, इंद्रमणि मिश्रा/ अच्युतानंद मिश्रा, श्रीमती शशी किरण सिंह, भगवंत सिहं, बृजेन्द्र कुमार सिंह आदि है. गौरतलब है कि मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के अंतर्गत देयक एवं धारा 174 के अंतर्गत मॉगपत्र एवं अंतिम सूचना पत्र द्वारा सूचित किया जाता रहा है, किन्तु संबंधित के द्वारा बिल, मॉगपत्र, अंतिम सूचना पत्र में वर्णित राशि जमा नही की गई, न ही कोई आपत्ति प्रस्तुत की गई, भुगतान नही करने का कोई कारण नही बताया गया तथा मॉग के विरूद्ध धारा 184 के प्रावधानों के अनुसार अपील प्रस्तुत नहीं की गई.

मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अध्याय 12 में वर्णित प्रावधानों के अधीन प्रक्रिया अनुसार वसूली की कार्यवाही चल-अचल सम्पत्ति का अधिहरण/ आसेध की जावेगी. गुरूवार को नगर निगम अमला दल बल के साथ पहुंचकर कुर्की की कार्यवाही करेगा.

## महापौर इस्तीफा दें, आरएसएस भाजपा दोनों ले निर्णय : गुरमीत सिंह

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल सप्लाई से हुई जनक्षति पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने गंभीर चिंता व्यक्त की है.**



प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने भारतीय जनता पार्टी सरकार को अति असंवेदनशील बताते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में इतनी बड़ी घटना सरकार के प्रतिनिधियों व प्रशासनिक तंत्र के लापरवाही से हुई. इसके बाद भी सत्ता के नशे में चूर नगरी प्रशासन मंत्री व इंदौर नगर के महापौर ने न तो जिम्मेवारी ली और न ही पद से त्यागपत्र ही दिये. जबकि उन्हें अपनी जिम्मेवारी स्वीकार करते हुए तत्काल अपने पदों से त्यागपत्र दे देना चाहिए था. कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि महापौर जनता का प्रथम मुख्य जनप्रतिनिधि होता है जिनकी जवाबदारी जनता के प्रति होती है, जिन्हें बड़े हृदय के साथ पद का मोह त्याग कर नगर की जनता के लिए घटना की जवाबदारी लेनी चाहिए. कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी व आरएसएस के प्रमुख नेताओं को चाहिए कि वो इंदौर की जनता के प्रति संवेदना व्यक्त कर शीघ्र महापौर को त्यागपत्र देने का निर्देश दे और नगरीय मंत्री को पद से हटाए, जिससे भविष्य में निर्वाचित प्रतिनिधि जनता के प्रति अपनी जवाबदारी समझे.

## मोहल्लों में संचालित डेयरी बनी मुसीबत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, नगर निगम क्षेत्र में लगभग आधा सैकड़ा से अधिक अवैध डेयरी संचालित है जो लोगो के लिये मुसीबत बनी हुई है.**

शहर के कई ऐसे वार्ड है जहा घनी आबादी होने के बाद भी डेयरी का संचालन किया जा रहा है. डेयरी के संचालक यहां से निकलने वाले मल मूत्र को नालियों में ही बना दिया जाता है जिसके गंध से लोगो का रहना मुश्किल हो रहा है. यहा तक की भैंस और गायों को सड़को पर बांध दिया जाता है. शहर के घोघर, पुष्पराज नगर, बिछिया, अमहिया, अर्जुन नगर, उपरहटी, पचमठा सहित ऐसे कई मोहल्ले है जहा अवैध डेयरी संचालित है. इनके खिलाफ शुरू नगर निगम की कार्यवाही भी ठंडी पड़ गई.

## उपभोक्ताओं के घरों से 88 वाटर सैंपल किए गए एकत्र

शहरवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम रीवा द्वारा दूषित पानी की शिकायतों को लेकर लगातार सक्रिय कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में शहर की उच्च स्तरीय टंकियों (ओएचटी) की विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई है. इस क्रम में आज चिरहुला पीएचई की उच्च स्तरीय टंकी की सफाई की गई एवं टंकी में सफाई रोस्टर दिनांक अंकित कराया गया. इसके साथ ही वार्ड स्तर एवं उच्च स्तरीय टंकियों से जल आपूर्ति वाले क्षेत्रों में अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों जिनमें वार्ड क्रमांक 01, वार्ड क्रमांक 02 विंध्य विहार कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, वार्ड क्रमांक 04 शांति विहार कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 10, तिलक नगर, सुंदर नगर, कैलाशपुरी, चिरहुला, उपरहटी एवं बिछिया क्षेत्र में उपभोक्ताओं के घरों से आज 88 वाटर सैंपल एकत्र किए गए हैं, जिन्हें लैब में जांच हेतु भेजा गया है.

### संक्षिप्त

#### संभागीय आईटीआई में अप्रेंटिसशिप अभियान 12 को

**रीवा,** प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए संभागीय आईटीआई रीवा में 12 जनवरी को अप्रेंटिसशिप अभियान का आयोजन किया जा रहा है. इस संबंध में प्राचार्य सोनम पाण्डेय ने बताया कि अभियान सुबह 10 बजे से संभागीय आईटीआई में शुरू होगा. इसमें पावर जनरेटिंग कंपनी सिरमौर तथा आयशर ट्रक एण्ड बस कंपनी पीथमपुर द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. इसमें डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मोटर व्हीकल मैकेनिक, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक तथा वेल्डर में आईटीआई उत्तीर्ण महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों को अवसर दिया जा रहा है. आवेदक की आयु 18 से 26 वर्ष के मध्य होनी चाहिए. उम्मीदवारों का चयन इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा.

#### आयुक्त नगर निगम का प्रभार गुर्जर को

**रीवा,** आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे 5 जनवरी से 30 जनवरी तक प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी गए हैं. इस अवधि में आयुक्त नगर निगम रीवा का प्रभार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर के पास रहेगा. श्री गुर्जर अपने वर्तमान दायित्वों के साथ नगर निगम आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार का निर्वहन करेंगे.

#### डॉ. यत्नेश त्रिपाठी को सीएमएचओ का प्रभार

**रीवा,** डॉ यत्नेश त्रिपाठी अस्थि रोग विशेषज्ञ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा का प्रभार सौंपा गया है. लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी आदेश में श्री त्रिपाठी की सेवाएं श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय से लेते हुए आगामी आदेश तक सीएमएचओ के पद पर पदस्थ किया गया है.

#### स्कूलों में 10 तक नहीं लगेंगी कक्षाएं

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के कक्षा नर्सरी से आठवीं तक की सभी कक्षाओं में 10 जनवरी तक अवकाश के आदेश दिए हैं. लगातार तेज शीतलहर तथा तापमान में हो रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए यह आदेश दिया गया है। इस अवधि में स्कूल खुलेंगे किन्तु उनमें कक्षा 8 तक की कक्षाएं संचालित नहीं होंगी. अवकाश अवधि में भी सभी शिक्षक स्कूलों में उपस्थित रहकर परीक्षा तथा अन्य शासकीय कार्य संपादित करेंगे.

#### ठंड के कारण 10 तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**रीवा,** जिले में लगातार गिरते तापमान को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों को 10 जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिये हैं. इस अवधि में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका केन्द्र में उपस्थित होकर अन्य शासकीय कार्य संपादित करेगी.

#### सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक कल

**रीवा,** जिला पंचायत अन्तर्गत गठित सहकारिता एवं उद्योग स्थाई समिति की बैठक डॉ संगीता सोनल शर्मा की अध्यक्षता में 9 जनवरी को आहूत की गई है. महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने जिला पंचायत सभागार में अपरान्ह 2 बजे से आयोजित बैठक में संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है.

#### झूलेलाल जी का छठी महोत्सव मनाया जाएगा

**रीवा,** श्री झूलेलाल जी का छठी महोत्सव इस वर्ष 25 मार्च को सिंधु भवन में झूलेलाल धर्मार्थ प्याऊ के सौजन्य से मनाया जा रहा है. इस अवसर पर बच्चों महिलाओं के कई कार्यक्रम सिंधी व्यंजन, सिंधी खादा एवं भक्ति संगीत का प्रोग्राम आयोजित होने जा रहा है. इस अवसर पर रात्रि में झूलेलाल प्रेमी संगत के लिए भंडारे का आयोजन भी संस्था द्वारा किया जा रहा है. इस कार्यक्रम हेतु सभी सहयोगी संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों की तैयारी बैठक की जा रही है. इस संबंध में झूलेलाल धर्मार्थ प्याऊ समिति की बैठक शीघ्र आयोजित की जा रही है. जिसमें संरक्षक कैलाश आहूजा खद्दू एवं समिति की कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य कैलाश लखवानी प्रहलाद चेलानी ,कमल दौलतानी, प्रेम चेलानी, राजेश चांदवानी, घनश्याम हांसवानी ,विवेक डावरिया, विकास टोप्लानी, प्रेम पंजवानी, पंडित कोमल शर्मा,पायल मोटवानी, भूमि बजाज, कविता कोटवानी, नेहा झामवानी आदि रहेगी.



बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में चर्चा करती कलेक्टर प्रतिभा पाल

## अभिलेखों का तत्काल सत्यापन करके रिपोर्ट दें : पाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए.**

कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के बाद जिले भर में 5517 मतदाताओं को नोटिस दिया गया है. इन मतदाताओं द्वारा सहायक रिटर्निंग आफीसर के समक्ष निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 अभिलेखों में से कोई एक अभिलेख प्रस्तुत करने पर उसका सत्यापन किया जाएगा. सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, कक्षा दसवीं अथवा बारहवीं की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, वनाधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूमि अथवा मकान आवंटन प्रमाण पत्र, केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी को जारी पेंशन प्रमाण पत्र तथा बैंक पासबुक को मान्य किया गया है. इन प्रमाण पत्रों को संबंधित अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से भेजा जाएगा. अधिकारी इनका तत्काल सत्यापन करके निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं. किसी भी स्थिति में आवेदन पत्र मिलने से पाँच दिवस के भीतर सत्यापन अनिवार्य रूप से करें. बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने बताया कि विभिन्न कारणों से सत्यापन न होने वाले 5517 मतदाताओं को सहायक रिटर्निंग आफीसर द्वारा नोटिस जारी कर दिए गए हैं. मतदाता सहायक रिटर्निंग कार्यालय में उपस्थित होकर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध कराकर अपना सत्यापन करा सकते हैं. इसे बीएलओ ऐप के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाएगा. जिला निर्वाचन अधिकारी उसे सत्यापन के लिए संबंधित अधिकारी को ऑनलाइन प्रेषित करेंगे. अधिकारी पाँच दिन की समय सीमा में सत्यापन करके प्रस्तुत करेंगे.

## महापौर की उपस्थिति में नारियल तोड़कर सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वॉर्ड क्रमांक 41 में कायाकल्प 2.0 योजना के तहत हृदयम स्पोर्ट्स स्कूल से पाइप फैक्ट्री तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'' की उपस्थिति में वॉर्ड के वरिष्ठ नागरिक सैलू वर्मा ने नारियल तोड़कर किया.**



इस निर्माण कार्य की निविदा लागत रू. 21.38 लाख है. भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर द्वारा संविदाकार को निर्देशित किया गया कि सी.सी. सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में स्वीकृत ड्राइंग-डिजाइन, तय मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र बेहतर आवागवन की सुविधा का लाभ मिल सके. निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही न की जाय. इस अवसर पर वॉर्ड पार्षद गुलाम अहमद, अमृतलाल मिश्रा, सहायक यंत्री पी.एन. शुक्ला, उपयंत्री नेहा तिवारी, अरविंद कुमार तिवारी सहित नागरिकगण उपस्थित रहे.

## कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 6 में प्रवेश का अवसर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, जनजातीय कार्य विभाग के तहत रीवा में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर आवासीय विद्यालय संचालित है.**

इसमें सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में छात्राओं के प्रवेश के लिए 10 जनवरी से 10 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है. संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इनमें कक्षा 5वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जनजाति, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ की छात्राएं आवेदन कर सकती हैं. कोविड अथवा आतंकवादी घटनाओं में अपने अभिभावकों को खो देने वाली छात्राओं तथा दिव्यांग माता-पिता की बेटी को भी प्रवेश का अवसर दिया जा रहा है. वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ट्राईबल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन तथा एमपी टास के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं.



## शिक्षा ही समाज को बदलने का सबसे बड़ा माध्यम है : चौहान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन को औपचारिकता और दिखावे से दूर रखते हुए सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया.**

इसी कड़ी में वे अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित गुरुकुल पाठशाला पहुंचे, जहां बच्चों के साथ समय बिताकर उन्होंने अपने जन्मदिन को यादगार बनाया. पाठशाला पहुंचते ही नन्हे विद्यार्थियों ने गुलाब के फूल भेंट कर एसपी चौहान का स्वागत किया. बच्चों की मुस्कान और आत्मीयता ने पूरे माहौल को भावुक और प्रेरणादायी बना दिया. कार्यक्रम के दौरान एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों से सीधे संवाद किया और उनकी पढ़ाई, सपनों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली. उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को बदलने का सबसे बड़ा माध्यम है. उन्होंने शिक्षकों और पाठशाला संचालकों की सराहना करते हुए कहा कि अमहिया थाना क्षेत्र में गुरुकुल पाठशाला जैसे प्रयास जरूरतमंद बच्चों के लिए आशा की किरण हैं. इस अवसर पर अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, थाना पुलिस स्टाफ, गुरुकुल पाठशाला के शिक्षक, समाजसेवी और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

## उप मुख्यमंत्री ने खंधो माता मंदिर में नवग्रह वाटिका का किया भूमिपूजन

▸ खंधो माता मंदिर बड़ा तीर्थ स्थल बनेगा : उप मुख्यमंत्री

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खंधो माता मंदिर बड़ा तीर्थ स्थल बनेगा. मंदिर परिसर को विकसित कर इसके आसपास के क्षेत्र को पर्यटक स्थल भी बनाया जायेगा. श्री शुक्ल ने माता मंदिर परिसर में नवग्रह वाटिका का भूमिपूजन किया. उन्होंने मंदिर से लगी पहाड़ी में जिला खनिज न्यास मद से वृक्षारोपण कराये जाने के क्रम में पीपल का पौधा लगाकर वृक्षारोपण की शुरूआत की.**





उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता की सेवा एवं धार्मिक स्थलों के विकास से ही रीवा तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है. गत दिनों भैरवनाथ मंदिर परिसर में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया था. खंधो माता मंदिर की पहाड़ी में भी पीपल सहित अन्य पौधे लगाकर इसे हरी भरी बनाया जायेगा. सघन वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ी के लिये वरदान साबित होगा. हमारा दायित्व है कि हम आने वाली पीढ़ी को ऐसा पर्यावरण दें जहां पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन के लिये वृक्ष हों. उन्होंने खंधो माता मंदिर में रामसखा यादव द्वारा बिना किसी सहयोग के किये गये वृक्षारोपण कार्य की सराहना की तथा लोगों से अपेक्षा की कि समाज के हित में कार्य करें क्योंकि हम जो कार्य करते हैं उसको लोग हजारों आंखों से देखकर मूल्यांकन करते हैं. कार्यक्रम में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने कहा कि खंधो माता आस्था की प्रतीक हैं. उनके आशिर्वाद से ही यह क्षेत्र विकसित होगा. वन विभाग द्वारा मंदिर परिसर के दक्षिण भाग में सुरक्षा की दीवार बनाई जायेगी जिससे यह पूरा परिसर सुरक्षित हो जायेगा. श्री सिंह ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ही यह क्षेत्र व रीवा जिला विकास के मार्ग पर अग्रसर है. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वच्छता परिसर के लोकार्पण के साथ ही अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन किया. उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न मांगों को तत्परता से पूर्ण कराने का आश्वासन दिया. स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के सूत्रधार संजीव द्विवेदी ने दिया. इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया. उप मुख्यमंत्री ने खंधो माता के दर्शन किये. इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं वन समिति की सभापति निर्मला संजीव द्विवेदी, संजीव द्विवेदी पिंटू, संगीता यादव, कल्पना सिंह, आरती सिंह, रीतेश खण्डेलवाल, राजगोपाल मिश्र, मोहनलाल शुक्ला, फूलमती रावत, डॉ. संजय सिंह उपस्थित रहे.

### पत्थर में किया गया पौधरोपण कार्य अकल्पनीय है : मिश्रा

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि मंदिर परिसर वृक्षों से आच्छादित होगा. पत्थर में किया गया वृक्षारोपण कार्य अकल्पनीय है. उन्होंने आमजनों से अपेक्षा की कि भविष्य में बढ़ती आबादी के मद्देनजर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें. श्री मिश्र ने लोगों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की तथा अपेक्षा की कि निर्धारित दर अनुसार विद्युत बिल का भुगतान करें व शासन के सहयोगी बनें.